डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ

Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow

उत्तर प्रदेश सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पत्रांकः२१५९ /फा0सं0–240/कार्या0ज्ञा0/डॉ.श.मि.रा.पु.वि./2022–23

दिनांक :२९ अक्टूबर, 2022

// कार्यालय–ज्ञाप //

मुख्य सचिव, संस्कृति अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक 2980/चार–2022, दिनांक 25.10.2022 द्वारा प्रदत्त निर्देश के अनुपालन में दिनांक 31 अक्टूबर, 2022 को भारत रत्न, लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल जी की जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में विश्वविद्यालय में मनाया जाना है। इस अवसर पर सम्बन्धित शिक्षकवृन्द एवं अधिकारीगण के सहयोग से निम्नानुसार विभिन्न कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित किया जाना है :–

क्रमांक	कार्यक्रम का आयोजन	सम्बन्धित शिक्षकवृन्द एवं अधिकारीगण
1.	सरदार बल्लभभाई पटेल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था एवं राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन	**श्री बृजेन्द्र सिंह,** नजारत, सहायक कुलसचिव
2.	सरदार बल्लभभाई पटेल जी की जयन्ती पर 100m एकता दौड़ (Unity Run) का आयोजन	**डॉ0 राशि कृष्ण सिन्हा,** प्रभारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, विश्वविद्यालय
3.	एकता, अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए मार्च पास्ट का आयोजन	
4.	सरदार बल्लभभाई पटेल जी की जीवनी कार्य एवं दर्शन पर आधारित क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन	**डॉ0 आशुतोष पाण्डेय,** अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कार्मिकों एवं विद्यार्थियों से अपेक्षित है कि दिनांक 31 अक्टूबर, 2022 को भारत रत्न, लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल जी की जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में सफलतापूर्वक मनाये जाने हेतु अनिवार्य रूप से उक्त आयोजन में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनाँक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
4. कुलानुशासक, विश्वविद्यालय।
5. प्रभारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, विश्वविद्यालय।
6. क्रीड़ा निदेशक, क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ, विश्वविद्यालय।
7. प्रोवोस्ट, पुरूष एवं महिला छात्रावास, विश्वविद्यालय।
8. समस्त शिक्षकवृन्द, विश्वविद्यालय।
9. समस्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
10. समस्त कार्मिक, विश्वविद्यालय।
11. विश्वविद्यालय की समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
12. गार्ड फाइल।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

Address : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, E-mail : registrar@dsmnru.ac.in, Website : http://dsmru.up.nic.in